बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-45
13/01/2023

# मुख्यमंत्री नालंदा जिला के पूर्व जदयू अध्यक्ष स्व0 सियाशरण ठाकुर के श्राद्धकर्म में हुये शामिल

पटना, 13 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार नालंदा जिला के एकंगरसराय स्थित आवास पहुँचकर नालंदा जिला के पूर्व जदयू अध्यक्ष स्व0 सियाशरण ठाकुर श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व0 सियाशरण ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्व0 सियाशरण ठाकुर के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी।

इस दौरान जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री हरिनारायण सिंह, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक श्री राकेश रौशन, विधायक श्री जितेन्द्र कुमार, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक ई0 सुनील कुमार, पूर्व विधायक श्री चन्द्रसेन प्रसाद, पूर्व विधायक श्री राहुल शर्मा, नालंदा जिला परिषद् अध्यक्ष श्रीमती पिंकी देवी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 सियाशरण ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

******